हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 18 जनवरी 2026



04 जिलाधिकारी ने जनसुनवाई में किया समस्याओं...





07 जवासा में चोरों का धावा, दो घरों से ताला तोड़कर...






## खबर संक्षेप

### जन-जागरूकता हेतु मैराथन दौड़ का आयोजन आज

**सागर।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के अंतर्गत स्वच्छता के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने एवं नागरिकों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नगर पालिक निगम सागर एवं इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आई.एम.ए.) के संयुक्त तत्वाधान में रविवार, 18 जनवरी 2026 को प्रातः 7 बजे मैराथन दौड़ का आयोजन किया जाएगा। यह मैराथन दौड़ खेल परिसर से प्रारंभ होकर डिग्री कॉलेज, जैन हाई स्कूल, मेडिकल कॉलेज रोड, तिली तिराहा होते हुए पॉलीटेक्निक कॉलेज कॉलोनी चौराहा तक जाएगी, जहां से यूटर्न लेकर उसी मार्ग से वापस खेल परिसर में इसका समापन होगा। नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने बताया कि स्वच्छ सर्वेक्षण प्रतियोगिता में शहर को बेहतर रैंक दिलाने के लिए नागरिकों की सक्रिय सहभागिता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की जन-जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से स्वच्छता का संदेश जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है। स्वच्छ शहर ही स्वस्थ नागरिकों की पहचान है और इसके लिए प्रत्येक नागरिक को स्वच्छता के नियमों का पालन करना चाहिए। मैराथन दौड़ में शहर के नागरिकों, युवाओं, सामाजिक संगठनों एवं चिकित्सकों से अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता करने की अपील की गई है।

### अवैध मदिरापान पर आबकारी विभाग की सख्ती

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देशानुसार सहायक आबकारी आयुक्त, सागर के आदेशानुसार शहर क्षेत्र में मदिरा दुकानों के बाहर अवैध रूप से एकत्र होने, मदिरापान अथवा मदिरा पिलाने तथा उससे उत्पन्न यातायात अवरोध संबंधी प्राप्त शिकायतों को दृष्टिगत रखते हुए 16 जनवरी 2026 को संयुक्त दल द्वारा सघन रात्रि गश्त एवं दबिश की कार्रवाई की गई। इस दौरान मकरोनिया राजाखेड़ी एफसीएल-2, झांसी बस स्टैंड एफसीएल-1, स्टेशन रोड एफसीएल-2, गुजराती बाजार एफसीएल-1, गुरु गोविंद सिंह एफसीएल-2, धर्मश्री एफसीएल-2, तिलीगांव एफसीएल-2 एवं मधुकर शाह एफसीएल-1 मदिरा दुकानों के आसपास विशेष कार्रवाई की गई। उक्त कार्रवाई के दौरान मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 36 के अंतर्गत कुल 04 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए। आबकारी विभाग द्वारा यह स्पष्ट किया गया है कि भविष्य में भी इस प्रकार की अवैध गतिविधियों पर सतत निगरानी एवं सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### स्वास्थ्य विभाग लगाएगा 22 और 23 जनवरी को विशेष शिविर

**सागर।** स्वास्थ्य विभाग सागर द्वारा 22 और 23 जनवरी को आयोजित विशेष शिविर में निशुल्क इलेक्ट्रॉनिक प्रोस्थेटिक्स हैंड्स लगवाए जाएंगे ।बिना हाथ के जन्मे या दुर्घटना में हाथ का निचला हिस्सा गंवाने वाले लोगों को ये कृत्रिम हाथ लगाए जाएंगे। ये शिविर इनाली फाउंडेशन के सहयोग से लगाया जा रहा है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की ये महत्वपूर्ण पहल राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत की गई है। इस कृत्रिम हाथ के माध्यम से दैनिक कार्य जैसे वस्तुओं को पकड़ना, खाना, लिखना, डिजाइन जैसे कार्य आसानी से किए जा सकते हैं । ये डिवाइस 15 साल से ऊपर के व्यक्तियों को लगाया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सागर डॉ ममता तिमोरी ने बताया कि ऐसे लोग जिनके कोहनी से निचला हिस्सा नहीं है वे नजदीकी शासकीय स्वास्थ्य केंद्र अथवा स्वास्थ्य कार्यकर्ता से संपर्क कर जानकारी ले सकते हैं। जिला चिकित्सालय परिसर स्थित जिला शीघ्र हस्तक्षेप केंद्र में भी संपर्क किया जा सकता है।

---

लाडली लक्ष्मी से पोषण वाटिका तक कलेक्टर ने परखी योजनाओं की जमीनी हकीकत, दिए विशेष अभियान के निर्देश

# कोई भी बच्चा या गर्भवती महिला पंजीयन से न छूटे एनआरसी में रहे शत-प्रतिशत उपस्थितिः कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

कलेक्टर संदीप जीआर ने महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक में स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जिले में पोषण और स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुँचना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले में एक भी बच्चा, गर्भवती महिला या धात्री माता पंजीयन से वंचित नहीं रहनी चाहिए। इसके लिए उन्होंने विशेष अभियान चलाकर सर्वे करने और छूटे हुए हितग्राहियों को तत्काल पोर्टल पर दर्ज करने के निर्देश दिए।

## कुपोषण पर प्रहार- सभी एन आर सी भरे रहें



कलेक्टर ने पोषण पुनर्वास केंद्रों की समीक्षा करते हुए कहा कि केंद्रों का खाली रहना सही कार्यप्रणाली नहीं दर्शाता। उन्होंने मैदानी अमले को निर्देश दिए कि गंभीर कुपोषित बच्चों की पहचान कर उन्हें अनिवार्य रूप से एनआरसी में भर्ती कराएं। एनआरसी के सभी बेड भरे होने चाहिए ताकि बच्चों को उचित चिकित्सकीय देखरेख मिल सके। इसके लिए उन्होंने सुपरवाइजर और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं घर-घर जाकर बच्चों के वजन और स्वास्थ्य की जांच करने के निर्देश दिए हैं।

## मुनगा के पेड़ और 'रंगीन रोटी' से सुधरेगा स्वास्थ्य

बच्चों के खान-पान में पोषण का स्तर सुधारने के लिए कलेक्टर ने जिले की हर आंगनवाड़ी की पोषण वाटिका में मुनगा (सहजन) के पेड़ लगाने के निर्देश दिए हैं। मुनगा के पत्तों और फलियों में प्रचुर मात्रा में सूक्ष्म पोषक तत्व होते हैं, जो कुपोषण मिटाने में सहायक हैं। इसके साथ ही उन्होंने बच्चों को पोषण के प्रति आकर्षित करने और उन्हें विटामिन्स देने के लिए 'रंगीन रोटी' (चुकंदर, पालक और गाजर मिश्रित आटा) खिलाने के निर्देश दिए। यह न केवल देखने में आकर्षक होगी बल्कि बच्चों में हीमोग्लोबिन की कमी को भी दूर करेगी। कलेक्टर ने विभाग अंतर्गत योजनाओं की समीक्षा भी की। लाडली लक्ष्मी और प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना में और सुधार लाने को कहा साथ ही लंबित प्रकरणों का निराकरण कर पात्र महिलाओं के खातों में राशि समय पर पहुंचाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने कहा कि अधिकारी केवल कार्यालयों में न बैठें, बल्कि फील्ड में उतरकर काम करें। उन्होंने एक विशेष अभियान चलाकर छूटे हुए बच्चों को चिन्हित करने और उनके टीकाकरण व पोषण की ट्रैकिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य केवल कागजी लक्ष्य पूरा करना नहीं, बल्कि जमीनी स्तर पर कुपोषण को जड़ से खत्म करना है। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री विवेक केवी, जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री भरत राजपूत सहित सभी परियोजना अधिकारी, पर्यवेक्षक आंगनवाड़ी कार्यकर्ता मौजूद थे।

---



## इंदौर के में दूषित पानी से हुई मौतों को लेकर कांग्रेस ने किया धरना उपवास का आयोजन

**सागर।** जिला शहर कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में मध्य प्रदेश कांग्रेस के आह्वान पर पुरानी गल्ला मंडी स्थित गांधी प्रतिमा के समक्ष अध्यक्ष महेश जाटव के नेतृत्व में उपवास - धरना का आयोजन किया गया। अध्यक्ष महेश जाटव ने कहा की मध्य प्रदेश सरकार मोतों की सौदागर है। पहले घटिया कफ सिरप से मासूम बच्चों की जान ली और जब उसका मन नहीं भरा तो इंदौर के भागीरथपुरा में लोगों की बार-बार शिकायत के बाद भी गंदा दूषित मल मूत्र युक्त पानी लोगों में सप्लाई करती रहे जिसके चलते दो दर्जन से अधिक जहां मोतें हुई वहीं बड़ी संख्या में लोग वेंटिलेटर पर अपना इलाज कर रहे हैं। और सैकड़ो लोग इस बीमारी की चपेट में आ गए हैं। भाजपा की इंसानियत मर चुकी है। महेश जाटव ने कहा कि मुख्यमंत्री खुद वहां का प्रभार देखते हैं और नगरीय प्रशासन मंत्री का वह क्षेत्र हैं जब वहां जनता सुरक्षित नहीं तो पूरे मध्य प्रदेश में क्या हाल होगा। यह एक सोची समझी हत्या है जिसकी जानकारी वहां के शासन और प्रशासन को पहले से थी लेकिन उन्होंने पहल नहीं कि । लोग शिकायत लेकर आफिस आफिस चिल्लाते रहे और कुंभकरण की नींद में शासन प्रसासन अपने काम को अंजाम देता रहे। अगर वह चेत जाते तो इन मासूमो को अपनी जान ना गवानी पड़ती। जाटव ने कहा कि इंदौर में भाजपा का जो राक्षसी चेहरा लोगों ने देखा है उससे जनता भयभीत हैं अब आलम ये है कि लोग अब इंदौर जाने में डर रहे हैं जिनके परिजन रहते हैं वो बार बार फोन लगाकर हालचाल पूछ रहे हैं । मनरेगा को लेकर जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेश जाटव ने कहा कि कांग्रेस सरकार की योजनाओं का नाम बदलकर जनता के बीच झूठी वाह- वाही लूटने कि भाजपा कोशिश कर रही है राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नाम तक से चिड़ रहे हैं भाजपाई उनका वजूद मिटाने में लगे हैं। पूरा देश भाजपा को सबूत देने में लगा है कि वह भारतीय है भाजपा सरकार लोगों को समग्र आईडी, आधार कार्ड, पैन कार्ड सम्मान निधि, गैस कनेक्शन में बस या नोटबंदी और वर्तमान में एस आई आर में पूरे देश को लाइन में लगा रखा है। पहले डाकू काले लिबास में मुंह पर कपड़ा बांधकर लोगों की खिड़कियों में घुसकर लोगों को लूट करते थे अब भाजपा के राज में खाकी लिबास में लोगों को लूटने का काम उनके दरवाजे पर पहुंचकर चल रहा है। उपवास धरना कार्यक्रम को पूर्व मंत्री सुरेंद्र चौधरी, पूर्व विधायक सुनील जैन, अमित राम जी दुबे, नेता प्रतिपक्ष बाबू सिंह यादव ,चेतन कृष्ण पांडे, सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे, राहुल चौबे, अंकलेश्वर दुबे, ब्लॉक अध्यक्ष नरेंद्र मिश्रा, वीरेंद्र राजे, शैलेंद्र तोमर, जितेंद्र रोहण, विजय साहू, रवि उमाहिया, पार्षद सुलेखा राकेश राय, रोशनी वसीम खान, रिचा सिंह, शरद पुरोहित, अवधैश तोमर, चक्रेश सिंघई, पंकज सिंघई, मदन सोनी, आनंद हैला, प्रभात जैन, लक्ष्मी नारायण सौनकिया, कल्लू पटेल, अलीम तज्जु भाईजान, सुनील पाहवा, हरिश्चंद्र सोनवार अदि मौजूद थे।

## सार्वजनिक स्थलों व दीवालों को गंदा करने वाले लोगों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के अंतर्गत नगर निगम आयुक्त राज कुमार खत्री ने शहर में संचालित सफाई व्यवस्था एवं सौंदर्यीकरण के कार्यों की प्रगति का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न स्थानों पर किए जा रहे कार्यों को गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। निगमायुक्त खत्री ने संजय ड्राइव स्थित छोटे तालाब पर किए जा रहे सौंदर्यीकरण कार्यों का विशेष रूप से निरीक्षण किया। उन्होंने तालाब परिसर की साफ-सफाई, रंग-रोगन, पाथवे, हरियाली एवं अन्य विकास कार्यों की स्थिति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि कार्य समय-सीमा में पूर्ण हों ताकि आम नागरिकों को स्वच्छ एवं सुंदर वातावरण उपलब्ध कराया जा सके।

निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने शहर की समग्र सफाई व्यवस्था का भी जायजा लिया। उन्होंने सभी जोन प्रभारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सार्वजनिक स्थलों, सड़कों, चौराहों, पार्कों एवं अन्य स्थानों को गंदा करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त चालानी कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण में बेहतर रैंकिंग प्राप्त करने के लिए नगर निगम के साथ-साथ नागरिकों कीसहभागिता भी अत्यंत आवश्यक है। निगमायुक्त ने बताया कि नगर निगम द्वारा शासकीय एवं अशासकीय दीवारों पर रंग-रोगन एवं आकर्षक चित्रकारी कर शहर को सुंदर बनाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने निर्देश दिए कि यदि कोई भी व्यक्ति दीवारों पर अवैध विज्ञापन, पोस्टर या बैनर लगाकर सौंदर्यीकरण को नुकसान पहुंचाता है तो उसके विरुद्ध तत्काल सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल अभियान नहीं बल्कि निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है, जिसमें सभी नागरिकों को जिम्मेदारी निभानी होगी। नगर निगम का उद्देश्य सागर शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं स्वस्थ बनाना है। इसके लिए नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी, वहीं स्वच्छता में सहयोग करने वाले नागरिकों को प्रोत्साहित भी किया जाएगा।

## निजी स्कूल संचालकों को सख्त निर्देशः निर्धारित दुकान से कॉपी-किताबें खरीदने के लिए नहीं कर सकेंगे मजबूर

**रहली।** कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देशानुसार, विकासखंड रहली में निजी विद्यालयों की कार्यप्रणाली और नियमों के पालन को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। अनुविभागीय अधिकारी कुलदीप पाराशर की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में ब्लॉक के समस्त अशासकीय विद्यालयों के संचालक और प्राचार्य सम्मिलित हुए। बैठक के दौरान एसडीएम पाराशर ने सभी संस्थाओं को 'मध्य प्रदेश निजी विद्यालय फीस अधिनियम' और उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी शिक्षण संस्थान शासन द्वारा निर्धारित मापदंडों के भीतर रहकर ही विद्यालय का संचालन करें। नियमों की अनदेखी करने वाले संस्थानों पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। बैठक में मुख्य रूप से छात्र-छात्राओं और अभिभावकों के हितों को ध्यान में रखते हुए निर्देश दिए गए किः किसी भी छात्र या अभिभावक को किसी विशिष्ट दुकान से पाठ्य पुस्तकें, स्टेशनरी या यूनिफॉर्म खरीदने के लिए बाध्य नहीं किया जाएगा। विद्यालयों को अपनी जानकारी निर्धारित समयावधि में विभागीय पोर्टल और नोटिस बोर्ड पर अनिवार्य रूप से प्रदर्शित करनी होगी। छात्रों से ली जाने वाली फीस का पारदर्शी लेखा-जोखा रखना होगा और निर्धारित प्रारूप में अभिलेखों का संधारण करना अनिवार्य है। बैठक में उपस्थित विद्यालय संचालकों और प्राचार्यों ने भी अपनी बातें और समस्याएं प्रशासन के समक्ष रखीं। एसडीएम ने मौके पर ही उनकी शंकाओं का समाधान किया और विभिन्न समस्याओं के उचित निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। इस अवसर पर विकासखंड स्त्रोत समन्वयक आर.डी. अहिरवार सहित शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

---

18 जनवरी को बिलहरा में मंत्री क्रिकेट महाकुंभ के तृतीय चरण का शुभारंभ

# मंत्री क्रिकेट महाकुंभ बना रहा युवाओं के लिए सशक्त मंच

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



युवा शक्ति संगठन केतत्वावधान में आयोजित मंत्री क्रिकेट महाकुंभ निरंतर सफलता और उत्साह के साथ आगे बढ़ रहा है। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं में खेल भावना को प्रोत्साहित करना, अनुशासन और टीम भावना का विकास करना तथा ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को एक सम्मान जनक मंच प्रदान करना है। युवा शक्ति संगठन के जिला अध्यक्ष आकाश सिंह राजपूत के नेतृत्व में यह महाकुंभ केवल एक खेल प्रतियोगिता न रहकर युवाओं को सकारात्मक दिशा देने वाला एक सशक्त सामाजिक अभियान बन चुका है। यद्यपि जिला अध्यक्ष आकाश सिंह राजपूत का उद्देश्य इस पूरे आयोजन में स्पष्ट रूप से परिलक्षित हो रहे हैं। उन्होंने हमेशा यह संदेश दिया है कि खेल केवल जीत-हार का माध्यम नहीं, बल्कि युवाओं के चरित्र निर्माण, नेतृत्व क्षमता और स्वस्थ समाज की नींव है।

### जैसीनगर मंडल के परिणाम

पहला मैच ओरिया बनाम चकेरी के बीच खेला गया, जिसमें चकेरी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 ओवर में 100 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए ओरिया टीम 49 रन पर ऑलआउट हो गई और चकेरी ने यह मुकाबला 51 रन से जीत लिया।दूसरा मुकाबला केसलोन बनाम घोघरी के बीच हुआ। घोघरी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 ओवर में टूर्नामेंट का अब तक का सर्वाधिक स्कोर 181 रन बनाया। जवाब में केसलोन टीम 34 रन पर सिमट गई और घोघरी ने 147 रन से शानदार जीत दर्ज की। इस मैच के मैन ऑफ द मैच सुरजीत राजपूत रहे, जिन्होंने मात्र 27 गेंदों में 91 रन की विस्फोटक पारी खेली।

तीसरा मैच ओरिया बनाम शोभापुर के बीच खेला गया। शोभापुर ने 8 ओवर में 44 रन बनाए, जिसे ओरिया टीम ने 4 ओवर में बिना विकेट खोए हासिल कर लिया। ओरिया ने यह मुकाबला 10 विकेट से जीता। मैन ऑफ द मैच राहुल भारद्वाज रहे।

दिन का चैथा एवं अंतिम मुकाबला रिछाई बनाम आमोद के बीच हुआ। रिछाई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 69/5 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए आमोद सीसी ने रोमांचक मुकाबले में 7.5 ओवर में लक्ष्य हासिल कर 3 विकेट से जीत दर्ज की।

### राहतगढ़ मंडल के परिणाम

पहला मैच लखनऊ सुपर बनाम माफिया 11 के बीच खेला गया। लखनऊ सुपर ने 86 रन बनाए, जिसके जवाब में माफिया 11 ने 87 रन बनाकर 1 रन से मैच जीत लिया। दूसरा मैच चाहत 11 बनाम बेस्ट क्रिकेट क्लब के बीच हुआ। चाहत 11 ने 131/2 रन बनाए, जबकि बेस्ट क्रिकेट क्लब 70७6 रन ही बना सका। चाहत 11 ने 61 रन से जीत दर्ज की।

तीसरा मुकाबला किंग इलेवन बनाम 3 स्टार के बीच खेला गया। किंग इलेवन ने 94/3 रन बनाए, जबकि 3 स्टार 93/8 रन ही बना सकी। किंग इलेवन ने 7 विकेट से जीत हासिल की। चैथा मैच तूफान 11 बनाम फैमिली क्रिकेट क्लब के बीच हुआ। तूफान 11 ने 89/1 रन बनाए। फैमिली क्रिकेट क्लब ने 88/8 रन बनाकर पहले बैटिंग की और तूफान 11 89 रन बनाकर ने 1 विकेट से रोमांचक जीत दर्ज की।

---



## स्कूली बच्चों ने रमना जंगल में भ्रमण कर जाना औषधियों, वृक्षों और जानवरों के बारे में

**गढ़ाकोटा।** मध्य प्रदेश ईको पर्यटन विकास बोर्ड भोपाल के निर्देश पर दक्षिण वन मंडल अंतर्गत परिक्षेत्र गढ़ाकोटा के रमना रेंज में शासकीय कन्या माध्यमिक शाला एवं संदीपनी स्कूल गढ़ाकोटा के विद्यार्थियों को शनिवार के दिन वन्य प्राणी एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति अनुभूति कराकर उनके संरक्षण के लिए प्रेरित करने के साथ वन विभाग एवं विभागीय कार्यों, उत्तर दायित्वों एवं चुनौतियों को अवगत कराने के उद्देश्य से अनुभूति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा नेता अभिषेक भार्गव एवं विशिष्ट अतिथि नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज तिवारी रहे। अनुभूति कार्यक्रम के मास्टर ट्रेनर के रूप में व्ही.के मिश्रा ने प्रतिभागियों को जैव विविधता एवं वन्य जीव संरक्षण के बारे में आवश्यक जानकारी प्रदान की गई साथ ही शिविर में शामिल हुए बच्चो को अनुभूति बुक, केप, पेन किट प्रदान किया गया। अनुभूति के अंतर्गत बच्चो को जलीय पक्षी, स्थलीय पक्षी, तितली प्रजाति एवं गिद्ध तथा औषधिय पौधों के बारे में समझाया गया एवं वन विभाग की नौकरी में जाने के लिए बच्चे कैसे तैयारी करें कि जानकारी दी गई। कार्यक्रम में उपवन मंडल अधिकारी विनीता जाटव, एस.डी.ओ आलोक झरिया, वन परिक्षेत्र अधिकारी अभिनव दिवाकर, रमना सर्किल प्रभारी सुशील कुमार सोनी एवं अन्य वन अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। अंत में भाजपा नेता अभिषेक भार्गव ने वनों की कटाई रोकने एवं उनके संरक्षण के लिए छात्राओं से प्रश्नोत्तरी पूछी गई जिसका बच्चो ने सटीक जवाब दिया। अनुभूति कार्यक्रम में करीब 120 छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के उपरांत सभी ने वनों की सुरक्षा करने एवं वन कटाई रोकने की शपथ ली इस दौरान भाजपा नेता अभिषेक भार्गव द्वारा वन विभाग रमना के रेस्ट हाउस के बाहर कदम का एक पेड़ रोपित किया गया।



## यंग लीडर डायलॉग में युवाओं की ऐतिहासिक उपलब्धि ने बुंदेलखंड का मान बढ़ायाः महापौर

**सागर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गरिमामयी उपस्थिति में खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा भारत मंडपम, नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय युवा उत्सव विकसित भारत 2047-यंग लीडर डायलॉग में सागर जिले के युवाओं ने समूह लोक गायन विधा में अभूतपूर्व सफलता अर्जित की है। सागर के कलाकारों ने मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए प्रतियोगिता के 29 वर्षों के इतिहास में पहली बार प्रदेश को देशभर में प्रथम स्थान दिलाकर न केवल मध्यप्रदेश बल्कि बुंदेलखंड का भी गौरव बढ़ाया है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि के उपलक्ष्य में विजेता कलाकारों ने महापौर श्रीमती संगीता सुशील तिवारी से सौजन्य भेंट की। महापौर एवं महापौर प्रतिनिधि ने कलाकारों की मेहनत, अनुशासन और कला के प्रति समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि यह सफलता आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगी। इस दल के निर्देशक कृष्ण विजय कलायतन संगीत संस्था, सागर के यश गोपाल श्रीवास्तव के कुशल मार्गदर्शन में कलाकारों ने यह मुकाम हासिल किया। प्रस्तुति का नेतृत्व संजय कोरी ने किया। दल में रहली की साक्षी पटैरिया, सागर के ओम भट्ट, दमोह में जन्मे पंकज खरारे व हिमांश खरारे, विधान चौबे, बीना के यश पाठक व शिवांगी पाठक, राहतगढ़ के गोलू कुशवाहा, सेमरा के आदित्य दांगी तथा बांदरी के केशराज बादल सहित अन्य प्रतिभाशाली कलाकार शामिल रहे। महापौर संगीता सुशील तिवारी ने कहा कि बुंदेलखंड के इन कलाकारों ने अपनी लोकसंस्कृति और कला के माध्यम से देशभर में मध्यप्रदेश की विशिष्ट पहचान बनाई है। यह उपलब्धि यह सिद्ध करती है कि हमारे युवा प्रतिभाशाली हैं और उन्हें सही मंच व मार्गदर्शन मिले तो वे राष्ट्रीय स्तर पर परचम लहरा सकते हैं।



## नेहा अलकेश जैन के समर्थन में सिने स्टार अंकिता लोखंडे ने किया रोड शो

**देवरीकलां।** देवरी में चल रहे खाली कुर्सी-भरी कुर्सी का चुनाव रौचक दौर में पहुँच गया है, वर्तमान अध्यक्ष श्रीमति नेहा अलकेश जैन के समर्थन में उनके परिवार की बहू फिल्म स्टार अंकिता लोखंडे ने अपने पति अभिनेता विक्की जैन के साथ नगर के मुख्य मार्ग से रोड शो निकालकर भरी कुर्सी के पक्ष में वोट की अपील की। दरअसल टेलीविजन और फिल्मों में अभिनय करने वाली अंकिता लोखंडे देवरी के प्रतिष्ठित कोयला परिवार की बहू है, उनके परिवार से नेहा अलकेश जैन देवरी नगरपालिका की वर्तमान अध्यक्ष है और खाली कुर्सी-भरी कुर्सी चुनाव का सामना कर रही है। शुक्रवार सुबह सिने स्टार अंकिता अपने पति के साथ मुंबई से जबलपुर होकर देवरी पहुँची और नेहा जैन के समर्थन में प्रचार किया। देवरी नगर के सहजपुर तिराहे से आरंभ हुए रोड शो के दौरान गाड़ी की छत पर बैठी अंकिता और विक्की का कई स्थानों पर फूल बरसा कर स्वागत किया। इस उन्होने हाथ जोड़कर सभी का अभिवादन किया और और वोट देने की अपील की। रोड शो के दौरान प्रत्याशी नेहा जैन अपने समर्थको के साथ आगे आगे चल रही थी। बाद में पत्रकारों के साथ चर्चा करते हुए उन्होने कहा कि मैने परिवार में देवरी नगर के बारे में बहुत सुना था ये मेरे परिवार का पैत्रिक नगर है, मेरी इच्छा थी में यहाँ आकर लोगो से मुलाकात करू। परिवार की राजनीति विषय में उन्होने कहा कि वर्तमान समय में राजनीति में रूचि जरूरी है, ये हमें सामाजिक सरोकारों से जोड़ती है।

## खबर संक्षेप

### बैंक खाते से अज्ञात ने निकाले 8100 रुपए

**ललितपुर।** शहर क्षेत्र के मोहल्ला घुसयाना में रहने वाले विकास पुत्र रमेश रैकवार ने साइबर क्राइम थाना पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसका बैंक ऑफ इण्डिया में खाता खुला हुआ है। आरोप है कि 15 जनवरी 2026 को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसके खाते से 8100 रुपये चोरी से निकाल लिये गये हैं, जिससे वह मानसिक रूप से काफी परेशान है। पीड़ित ने साइबर क्राइम थाना पुलिस से मामले की जांच करायी जाकर रुपये वापस दिलाये जाने की गुहार लगायी है।

### ऑटो की टक्कर से बाइक सवार घायल

**ललितपुर।** कोतवाली तालबेहट क्षेत्रांतर्गत ग्राम उदगुवां में रहने वाली सविता पत्नी आनन्द ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि 12 जनवरी की शाम करीब 6 बजे उसका पति आनन्द अपनी मोटर साइकिल नं. यू.पी. 94 पी 6794 से मजदूरी का पैसा लेने तालबेहट आया था और तालबेहट से वापस अपने घर उदगुवां जा रहा था। बताया कि वह जैसे ही अदरक मण्डी के पास पहुंचा तो वहां ऑटो चालक द्वारा अपनी ऑटो संख्या यू.पी.93 टी 0250 को तेजी व लापरवाही से चलाते हुये उसके पति को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसका पति गंभीर रूप से घायल हो गया, जिन्हें उपचार के लिए सीएचसी अस्पताल में दाखिल कराया गया, जहां हालत गंभीर होने पर उसे झांसी मेडीकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी।

### देवर को उलाहना देने गई महिला पर हमला

**ललितपुर।** कोतवाली तालबेहट क्षेत्रांतर्गत ग्राम बिगारी में रहने वाली अवधरानी पत्नी चन्दन सिंह ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि उसका देवर करनसिंह से करीब चार वर्ष पहले बटवारा मौखिक रूप से हो चुका था। बताया कि उसके देवर करन सिंह पुत्र बागराज, सत्येन्द्र व अभय पुत्रगण करन सिंह, राजकुमारी पत्नी करन सिंह लोधी एकराय होकर आये और उसे व उसके परिजनों को आये दिन प्रताड़ित कर रहे हैं। उसकी नातिन कु.प्रिंसी की शादी आगरा तय हुयी थी, जिसे लेकर उक्त लोगों ने ईर्ष्या के कारण उसकी नातिन की शादी तुड़वाने के उद्देश्य से अभय व करन सिंह ने ससुरालियों को 10 जनवरी को फोन कर व संदेश भेजकर बदनाम करने करने का प्रयास किया, जिससे कि शादी टूट जाये। इस बात की जानकारी होने पर उसने देवर को उलाहना देने 14 जनवरी को अपराह्न 12.30 बजे खेत पर गयी, जहां करन सिंह, सतेन्द्र, अभय व राजकुमारी ने एकराय होकर उसे गालियां दीं और मारपीट कर दी। शोरगुल होने पर उसके पति चन्दन सिंह ने मौके पर आकर जब उक्त लोगों को ललकारा तो उक्त लोग जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी।

### दुष्कर्म के आरोप में युवक पकड़ाया

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन में एएसपी कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार के निकट पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में कोतवाली पुलिस ने वांछित थाना जखौरा क्षेत्र के ग्राम मुहारा निवासी विनय पुत्र मनीराम अहिरवार को हिरासत में लिया है। दुष्कर्म के आरोप में युवक को पकडऩे वाली पुलिस टीम में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अनुराग अवस्थी अपनी टीम के साथ शामिल रहे।

### युवक पर किया हमला मामला दर्ज

**ललितपुर।** थाना मदनपुर के ग्राम गोराखुर्द में रहने वाले संजय सिंह पुत्र अजब सिंह ठाकुर ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 12 जनवरी को वह गांव से मड़ावरा आ रहा था। अपराह्न 12.30 बजे ग्राम पिपरट में बालाजी साइंटीफिक स्कूल के पास ग्राम हंसेरा निवासी अंकित पुत्र हल्ले अहिरवार, धर्मेंद्र पुत्र प्रताप अहिरवार व कुन्जन पुत्र विश्वनाथ अहिरवार उसे मिले और गालियां देने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने उसे लात-घूसों से मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी।

---

### अमृत योजना अंतर्गत जल रिसाव पर तीन दिन में कार्रवाई के निर्देश

# जिलाधिकारी ने जनसुनवाई में किया समस्याओं का त्वरित समाधान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

जिलाधिकारी सत्य प्रकाश द्वारा कलेक्ट्रेट स्थित अपने कार्यालय कक्ष में नियमित रुप से प्रभावी जनसुनवाई आयोजित की जा रही है।

जनसुनवाई में डीएम ने शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए सम्बंधित विभागीय अधिकारियों को मौके पर ही बुलाकर त्वरित निस्तारण सुनिश्चित कराया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को आयोजित जनसुनवाई में शिकायतकर्ता सुनील जैन ने अवगत कराया कि शहर के तालाबपुरा स्थित बिदुआ कॉलोनी में अमृत योजनान्तर्गत जन जीवन मिशन की पाइप लाइन से पानी लगातार बह रहा है, जिससे पानी की बर्बादी के साथ-साथ आमजन को असुविधा हो रही है। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने मौके पर एडीएम नमामि गंगे को बुलाया तथा निर्देशित किया कि जल निगम एवं सम्बंधित कार्यदायी संस्था को आदेशित कर तीन दिवस के भीतर पाइप लाइन की मरम्मत एवं समस्या का पूर्ण समाधान कराते हुए लिखित रुप से अवगत करायें। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिये कि जनहित से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं होगी तथा अमृत योजना एवं जल जीवन मिशन जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं के क्रियान्वयन में गुणवत्ता एवं समयबद्धता सुनिश्चित की जाए। इसके अतिरिक्त जनसुनवाई के दौरान चकबंदी से सम्बंधित प्रकरणों पर भी जिलाधिकारी द्वारा विशेष ध्यान दिया गया।

### बंदोबस्त व संबंधित चकबंदी अधिकारियों से कई मामलों की समीक्षा की

उन्होंने जिला बन्दोबस्त अधिकारी एवं संबंधित चकबंदी अधिकारियों को मौके पर बुलाकर कई मामलों की गहन समीक्षा की तथा आपसी सहमति एवं नियमों के अनुरुप कई प्रकरणों का तत्काल निस्तारण कराया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि शेष लम्बित मामलों में भी शीघ्र एवं पारदर्शी कार्यवाही कर आमजन को राहत दी जाए। डीएम ने कहा है कि जनसुनवाई का उद्देश्य केवल शिकायत सुनना नहीं, बल्कि जनसमस्याओं का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसामान्य की शिकायतों के प्रति संवेदनशील रहते हुए प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराया जाए, ताकि शासन की योजनाओं का वास्तविक लाभ जनता तक पहुंच सके। डीएम की इसी कार्यशैली व जनता के प्रति संवेदनशीलता को देखते हुए प्रदेश की रैंकिंग में जनपद को 6वां स्थान प्राप्त हुआ है। इस रैंकिंग में जिले को 96.43 प्रतिशत अंकों के साथ संतुष्टि का फीडबैग 80 प्रतिशत से अधिक रहा, जो यह दर्शाता है कि शिकायतों का निस्तारण केवल औपचारिता नहीं बल्कि जनअपेक्षाओं के अनुरुप किया गया है, जो प्रशासनिक दक्षता और जबावदेही का स्पष्ट प्रमाण है। डीएम सत्य प्रकाश के कुशल नेतृत्व में जिले की यह उपलब्धी सुशासन, पारदर्शिता और जनहित के प्रति प्रशासन की प्रतिबद्धता का सशक्त उदाहरण है।

---

### स्वास्थ्य सेवाओं की हकीकत जानी

# एमओआईसी की बैठक में अनुपस्थिति व कार्यों में लापरवाही पर जिलाधिकारी भड़के



**ललितपुर।** जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने जिला स्वास्थ्य समिति की शासी निकाय की बैठक कर जिले की स्वास्थ्य सेवाओं की एक-एक कर गहन समीक्षा की और लापरवाह अधिकारियों व चिकित्सकों को फटकार लगाते हुए कार्य में सुधार के निर्देश भी दिये।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने संस्थागत प्रसव पर जोर देते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिये कि विकासखण्ड बिरधा, बार एवं जखौरा में संस्थागत प्रसव कराने हेतु पॉच-पॉच एएनएम को प्रशिक्षित कराया जाए और वहां पर उपकेन्द्रों को प्रसव हेतु क्रियाशील किया जाए। बैठक के दौरान ही ग्राम धारीकलां और बमरौलीकलां सब सेन्टरों पर मरीजों को आवागमन में परेशानी होने की जानकारी होने पर जिलाधिकारी ने प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए बैठक से ही सम्बंधित खण्ड विकास अधिकारी को फोन कर निर्देश दिये कि वे वहां के एमओआईसी से वार्ता कर मौके पर पहुंचकर सेन्टर तक आने के रास्त को 10 दिनों के भीतर ठीक कराकर अवगत करायें।

विकासखण्ड जखौरा के एमओआईसी द्वारा बैठक में अनुपस्थि रहने, कार्य में शिथिलता और लापरवाही बरतने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जाहिर की और मुख्य चिकित्सा अधिकारी को इनके विरुद्ध आरोप पत्र जारी करने एवं शासन से पत्राचार करने के निर्देश दिये। वहीं सभी पैरामीटर्स पर अच्छी प्रगति पाये जाने पर एमओआईसी तालबेहट डॉ विशाल पाठक के कार्यों की सराहना भी की। इसके साथ ही ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर व ब्लॉक कम्युनिटि प्रोसेस मैनेजर को को कड़ी फटकार लगाते हुए स्वास्थ्य कार्यक्रमों में अपेक्षित सुधार लाते हुए प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिये। नियमित टीकाकरण के सम्बंध में निर्देश दिये गए कि सभी केन्द्रों पर शत-प्रतिशत टीकाकरण किया जाए। सभी प्रभारी चिकित्साधिकारी अपने -अपने क्षेत्र की आंगनबाड़ी केन्द्रों पर वजन मशीनें उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ इम्तियाज अहमद, सीएमएस डॉ गजेन्द्र सिंह, डीपीआरओ कुँवर सिंह यादव, जिला सूचना अधिकारी डीएस दयाल, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रणवीर सिंह, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश भारती, डीपीएम रजिया फिरोज, पब्लिक हेल्थ स्पेशलिस्ट डॉ सौरभ सक्सेना, डब्ल्यूएचओ के प्रतिनिधि सहित अन्य चिकित्सा अधिकारी उपस्थित रहे।

---

# कृषि विज्ञान केंद्र ने छात्र-छात्राओं को मुरब्बा जेम जेली का प्रशिक्षण दिया




**ललितपुर।** केपीएस पीजी कॉलेज ककरूआ ललितपुर में छात्राओं द्वारा कृषि विज्ञान केन्द्र में अचार, मुरब्बा, जैम एवं जैली बनाने का 21 दिवसीय प्रशिक्षण प्राप्त करके एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कॉलेज की अन्य छात्राओं को भी अचार, मुरब्बा, जैम एवं जैली बनाने के विधियाँ एवं भोजन में उनकी उपयोगिता के बारे में बताया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ कॉलेज की डॉयरेक्टर डॉ लतिका सुडेले, प्राचार्य डॉ राजेन्द्र प्रकाश, आईक्यूएसी प्रभारी प्रभांशु नगाइच ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन करके किया। डॉ लतिका सुडेले ने अपने सम्बोधन में कहा कि खाने के साथ अचार का बहुत महत्व है। मुरब्बा, अचार, जैम एवं जैली का स्वाद और सेहत दोनों की दृष्टि से लाभदायक है। अचार के बिना थाली अधूरी मानी जाती है। प्राचार्य डॉ राजेन्द्र प्रकाश ने कहा कि अचार, मुरब्बा, जैम एवं जैली बनाना सीखकर इससे स्वयं के रोजगार के रूप में अपना सकते है जिससे वे आत्मनिर्भर एवं स्वावलंबी बन सकते हैं। इस कार्यक्रम की समन्वयक हिन्दी प्रवक्ता रानी पुरोहित ने कहा कि मुरब्बा स्वास्थ्य के लिये लाभदायक है, अचार, मुरब्बा जैम एवं जैली का व्यापार व्यक्ति को वर्ष भर रोजगार प्रदान कर सकता है। कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता दीपक जैन ने किया और आईक्यूएसी प्रभांशु नगाइच ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में असि प्रो दिनेश श्रीवास्तव, डॉ० साकेत कुमार, दीपक जैन, भानूप्रताप सिंह, रानी देवी, छाया तिवारी, अनीता साहू, नेहा श्रीवास्तव, ज्योति रानी, पुष्पेन्द्र पुरोहित, केहर राही, निधि जैन, जगतराज, राजकुमार पटेल, पंकज पटैरिया, रवीन्द्र कुमार अभिषेक शुक्ला, अमित कुमार, नीलू, मुबीन मंसूरी, अंकेश यादव, राजेन्द्र रजक, सक्षम त्रिपाठी, राहुल जैन, शशि श्रीवास्तव मनोज रजक, पुष्पेन्द्र, अमित, गोलू, माता प्रसाद तिवारी ने प्रतिभाग किया।

---

### कंपनी बाग व कर्मा बाई पार्क के सौंदर्य में चार चांद लगाने की तैयारी

# नपा अध्यक्ष व ईओ ने पार्कों का निरीक्षण किया

**ललितपुर।** शहर में स्थित मां कार्मा बाई पार्क व आजाद बाल क्रीड़ा स्थल (कम्पनी बाग) एवं कर्मा बाई पार्क के अंदर दिव्यांगों के लिए बनाये जा रहे पार्क का नपाध्यक्ष सोनाली जैन व ईओ दिनेश कुमार विश्वकर्मा ने औचक निरीक्षण किया। नपाध्यक्ष ने पार्कों के सान्दर्यीकरण एवं साफ सफाई व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये। इसके उपरांत उद्यान विभाग में स्थित सभाकक्ष में उद्यान विभाग विकास समिति की बैठक नपाध्यक्ष की अध्यक्षता में उद्यान विभाग में आयोजित की गई।



मां कर्मा बाई पार्क में नपाध्यक्ष ने संबंधित ठेकेदार को निर्देशित करते हुए कहा कि पार्क में जो भी कार्य अधूरे पड़े हुए है उन्हें तत्काल प्रभाव से पूर्ण कराया जाये, इसके अलावा उन्होंने मुख्य स्टोर लिपिक से पार्क में उचित प्रकाश व्यवस्था एवं जो स्ट्रीट लाईटे खराब पड़ी हुई है। उनकी मरम्मत कराये जाने के निर्देश दिये गये। नपाध्यक्ष ने निर्देशित किया गया कि पार्क की साफ सफाई व्यवस्था नियमित रूप से कराई जाए, इसके अलावा पार्क में लगे झूले व अन्य व्यवस्थाओं को दुरूस्त कराया जाये। इसके अलावा मां कर्मा बाई पार्क में विकलांगों के लिए बनाये जा रहे पार्क का निरीक्षण किया। नपाध्यक्ष ने संबंधित ठेकेदार को गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए समय से कार्य पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये गये। इसके उपरांत नपाध्यक्ष ने आजाद बाल क्रीड़ा (कम्पनी बाग) का निरीक्षण किया। पार्क में आने जाने वाले व्यक्तियों से वार्ता की गई, उन्होंने उद्यान विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि पार्क देखरेख नियमित रूप से की जाये।

उन्होंने कहा कि पार्क में सुबह टहलने आने वाले व्यक्तियों व अन्य व्यक्तियों को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि पार्क की साफ सफाई व्यवस्था नियमित की जाये, इसके अलावा पालिका द्वारा पार्क में योग के लिए लगाये गये स्टैच्यू का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उद्यान विभाग के सभाकक्ष में विभाग के अधिकारियों के साथ जिला उद्यान विभाग विकास समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में नपाध्यक्ष ने अधिकारियों से वार्ता करते हुए पार्कों के सान्दर्यीकरण एवं अन्य बिन्दुओं पर चर्चा की गई। इस दौरान डीडी उद्यान झांसी विनय यादव, नपाध्यक्ष सोनाली जैन, ब्लाक बिरधा से मोहित, निरीक्षक नरेन्द्र सिंह, ईओ दिनेश कुमार, उद्यान अधिकारी राजेन्द्र कुमार, जेई प्रा.ख. लो.नि.वि. अमरकान्त गौर, प्रभारी सफाई निरीक्षक महेन्द्र सिंह यादव, नजूल लिपिक सुधीर रावत, गैरिज प्रभारी अमित कुमार समेत अनेकों लोग मौजूद रहे।

---

### निरीक्षण कर साप्ताहिक परेड की सलामी ली

# एसपी ने पुलिस कर्मियों को दिए दिशा निर्देश



**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने शुक्रवार को साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर निरीक्षण किया। एसपी ने परेड में टर्न-आउट, शारीरिक मुद्रा एवं अनुशासन, ड्रिल एवं परेड मूवमेंट तथा शारीरिक फिटनेस आदि का सूक्ष्मता से अवलोकन किया। प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे रिक्रूट आरक्षियों की परेड का महोदय द्वारा उच्च मानकों के अनुसार बारीकी से निरीक्षण कर किसी भी प्रकार की लापरवाही, अनुशासनहीनता अथवा प्रशिक्षण संबंधी कमी को गंभीरता से लेते हुए आवश्यक सुधारात्मक निर्देश दिए।

तत्पश्चात रिजर्व पुलिस लाइन्स में स्थित विभिन्न शाखाओं में क्वार्टर गार्ड, शस्त्रागार, परिवहन शाखा, भोजनालय, कैन्टीन, कन्ट्रोल रुम, वर्दी स्टोर आदि का स्थलीय निरीक्षण कर साफ-सफाई, अभिलेखों के रख-रखाव एवं संसाधनों की स्थिति की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। डायल-112 के पीआरवी वाहनों का निरीक्षण कर वाहनों की साफ-सफाई, संचार उपकरणों (वायरलेस सेट, जीपीएस ट्रैकर, टैब/मोबाइल) की कार्यशीलता एवं अन्य आपातकालीन उपकरणों की स्थिति की समीक्षा की गई। पीआरवी स्टॉफ को आमजन के प्रति संवेदनशील, संयमित एवं सेवा भाव से कार्य करने हेतु प्रेरित किया। त्वरित रिस्पॉन्स टाइम को और बेहतर बनाने के लिए आवश्यक सुझाव दिए गए। डायल-112 की पीआरवी 2607 के कर्मचारियों द्वारा तत्परतापूर्वक त्वरित सहायता प्रदान कर जीवन बचाने एवं अन्य उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य किए जाने पर एसपी ने उन्हें 25 हजार रुपये का नकद पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। तदोपरान्त एसपी ने अर्दली रूम का आयोजन किया, रिजर्व पुलिस लाइन्स की विभिन्न मदों के रजिस्टरों का अवलोकन कर विभागीय अनुशासनात्मक कार्यवाहियों, शिकायतों तथा लम्बित पत्रावलियों की प्रगति की समीक्षा करते हुए त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए।

---

# मुख्यालय पर गाड़ियों के फिटनेस प्रमाण पत्र बनें

### आदेश के खिलाफ लामबंद हुए टैक्सी व ई-रिक्शा चालक

**ललितपुर।** जनपद से दूर झांसी जाकर टैक्सी ई रिक्शा और स्कूल बच्चों को जाकर करना पड़ेगा अपना फिटनेस जबकि इन सभी के इन सभी वाहनों के परिवहन सीमाएं निश्चित है उसके अतिरिक्त या अपने बहनों का इस्तेमाल करते हैं तो बिना परमिट उनके चालान के साथ गाड़ियां सेल हो सकती है मगर इस तुकलकी फरमान ने सभी वाहन स्वामियों को हैरत में डाल दिया है जिन सवारी टैक्सियों को परिवहन विभाग द्वारा महज 16 किमी दूरी तय करने का परमिट जारी किया जाता है।

बावजूद इसके अब सवारी टैक्सी संचालकों को गाड़ी की फिटनेस प्रमाण पत्र को जारी कराने के लिए मुख्यालय से करीब एक सैकड़ा किमी दूर महानगर झांसी के संभागीय परिवहन कार्यालय जाना होगा। यही स्थिति स्कूल के संचालकों की है स्कूल बस परमिट स्कूल सीमा के अंतर्गत ही है ऐसा आदेश आने के बाद से टैक्सी व ई-रिक्सा चालकों के अलावा स्कूल बस के संचालकों में भी भारी आक्रोश व्याप्त है। टैक्सी व ई-रिक्सा चालकों ने शुक्रवार को लामबंद होकर जिलाधिकारी को एक ज्ञापन भेजकर ऐसे आदेश को निरस्त कर टैक्सी व ई-रिक्सा के फिटनेस प्रमाण पत्र मुख्यालय पर ही बनाये जाने की मांग उठायी है। ज्ञापन में टैक्सी व ई-रिक्सा चालकों ने बताया कि परिवहन विभाग द्वारा एक आदेश 5 जनवरी को जारी किया है। इस आदेश के अनुसार ललितपुर जिले में जितने भी तीन पहिया वाहन हैं, उनका फिटनेस प्रमाण पत्र आरटीओ विभाग झांसी में बनाया जाना है। टैक्सी व ई-रिक्सा चालकों का कहना है कि विभाग द्वारा तीन पहिया सवारी गाडिय़ों को महज 16 किमी दूरी तक की यात्रा के लिए ही परमिट जारी हैं, ऐसी स्थिति में मुख्यालय से करीब 100 किमी से अधिक की दूरी पर स्थित झांसी आरटीओ विभाग पहुंच पाना असंभव है। इसके अलावा देश का सबसे बड़ा नेशनल हाई-वे संख्या 44 होने के कारण यहां भारी वाहनों का आवागमन भी अधिक होता है, जिस कारण यहां दुर्घटनाएं होने की संभावनाएं अधिक हैं। इसमें भी यह परेशानी है कि सवारी टैक्सी गाड़ी की दुर्घटना हाई-वे पर परमिट से निर्धारित दूरी से अधिक पर होने के कारण विभाग या बीमा कम्पनी से वह बीमा की राशि पाने से भी वंचित हो जायेंगे। फिटनेस प्रमाण पत्र जिला मुख्यालय स्थित एआरटीओ विभाग में बनाये जाने की मांग उठायी है। ज्ञापन देते समय टैक्सी व ई-रिक्सा वाहन चालक संघ के अध्यक्ष छोटे साहू के अलावा अन्य गाड़ी चालक मौजूद रहे।

---

### आलापुर गांव के पास की घटना

# ट्रैक्टर की टक्कर से ऑटो पेड़ से टकराया, छात्र-छात्राएं घायल

**ललितपुर।** पास के गांव आलापुर के पास सुबह ट्रैक्टर की टक्कर से एक ऑटो पेड़ से टकरा गई। इस हादसे में ऑटो में सवार पांच छात्र-छात्राएं घायल हो गए, जिनमें से तीन की हालत गंभीर बताई जा रही है। उन्हें उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। यह घटना सुबह करीब 9.30 बजे जाखलौन से ललितपुर आ रही ऑटो के आलापुर तिराहे के पास पहुंचने पर हुई। पीछे से आ रहे गेहूं से भरे एक ट्रैक्टर-ट्रॉली ने ऑटो को टक्कर मार दी, जिससे ऑटो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे पेड़ से जा टकराई। घायलों में जाखलौन निवासी बीए की छात्रा काजल कुशवाहा (20), छात्रा रक्षा (17) और आलापुर निवासी छात्र अमित (20) शामिल हैं। घायल अमित ने बताया कि ऑटो में जाखलौन से ललितपुर कॉलेज आने के लिए करीब आठ से अधिक छात्र-छात्राएं सवार थे। टक्कर के बाद ऑटो में सवार यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर घायलों की मदद की और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ट्रैक्टर को कब्जे में लेकर थाने भेज दिया। मेडिकल कॉलेज में इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात चिकित्सकों ने बताया कि सभी घायलों की हालत स्थिर है और उनका इलाज जारी है।

---

### 24 से 26 जनवरी तक मनाया जाएगा भव्य समारोह

# विभागीय स्टालों से योजनाओं की जानकारी देंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

जिले में 24 से 26 जनवरी तक उत्तर प्रदेश दिवस को समारोह पूर्वक मनाये जाने हेतु आयोजन की तैयारियों हेतु डीएम सत्य प्रकाश के निर्देशन में सीडीओ शेषनाथ चौहान की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

सीडीओ ने समस्त अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 24 से 26 जनवरी तक उत्तर प्रदेश दिवस का आयोजन कल्याण सिंह सभागार (ऑडीटोरियम) में किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत 24 जनवरी को उत्तर प्रदेश दिवस की शुरुआत के साथ बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम का भव्य आयोजन होगा। 25 जनवरी को पर्यटन दिवस और मतदाता दिवस एवं 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम को पूरी भव्यता के साथ सम्पन्न कराये जाने हेतु नोडल अधिकारियों को जो दायित्व सौंपे गए हैं, उन्हें पूरी गंभीरता से निभाएं। सम्बंधित अधिकारी विभागीय योजनाओं, जनपद के विकास कार्यों, उपलब्धियों एवं पर्यटन से सम्बंधित स्टॉल लगाकर वृहद प्रचार-प्रसार करायें। साथ ही विभागीय गतिविधियों का डिस्प्ले करायें। इसके साथ ही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र वितरण, कृषि यंत्रों का वितरण, सहायक उपकरण वितरण, विभिन्न प्रतियोगिताएं आदि आयोजित करायी जायें।



बताया गया विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी 24 से 26 जनवरी तक उत्तर प्रदेश दिवस का आयोजन भव्यता पूर्वक किया जाना है, जिसके आयोजन के लिए आज विभिन्न विभागों के कार्य निर्धारित किये जाने हेतु यह बैठक आयोजित की गई है। कार्यक्रम में होने वाली प्रत्येक गतिविधि के लिए नोडल अधिकारी नामित किये गए हैं। प्रतिदिन होने वाले कार्यक्रम भी निर्धारित किये गए हैं। 24 जनवरी 2024 को सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, अतिथियों का उद्बोधन, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ की शपथ, छात्राओं को प्रोत्साहन राशि का वितरण, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा बुन्देली गीत, सांस्कृतिक कार्यक्रम-वाद विवाद प्रतियोगिता, नाटक, नृत्य, लोक कलाकारों द्वारा मंच प्रस्तुति आदि कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। बैठक में सीएमओ डा.इम्तियाज अहमद, पीडी डीआरडीए दीपक यादव, डीडीओ अतिरंजन सिंह, डीसी मनरेगा रमेश कुमार यादव, डीपीआरओ कुंवरसिंह यादव, जिला प्रोबेशन अधिकारी नन्दलाल सिंह, जिला सूचना अधिकारी सहित अन्य समस्त सम्बंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

चोरों ने जेवरों के साथ एक घर से ढाई लाख तो दूसरे घर से 60 हजार रुपए उड़ाए

# जवासा में चोरों का धावा, दो घरों से ताला तोड़कर समेटा लाखों का माल


हरिभूमि न्यूज >> श्योपुर

गसवानी थाना क्षेत्र में एक चोरी के मामले का खुलासा होने की पुलिस खुशी मनाती,उसके पहले ही चोरो ने मानपुर थाना क्षेत्र के जवासा गांव में रात्रि के दौरान धावा बोलकर दो घरो में चोरी की बडी वारदातो को अंजाम दे डाला। इस दौरान चोर एक घर से ताला तोडकर बक्शे में रखे 2 लाख 55 हजार रूपए नकदी और सोने चांदी के जेवर तथा दूसरे घर से 60 हजार रूपए नकदी व जेवर चोरी कर ले गए तथा बक्शो सहित अन्य सामान को घर के पीछे फेंककर चले गए। जिस तरह से चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया,उसे देखकर चोरी की वारदात को अंजाम देने वाली चोर गैंग बाहर की लग रही है। शनिवार की सुबह चोरी की सूचना मिलने के बाद एसडीओपी राजीव कुमार गुप्ता, थाना प्रभारी मानपुर सतीश कुमार दुबे पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। एसडीओपी ने घटनास्थल का मौका मुआयना करते हुए थाना प्रभारी को चोरी की इस वारदात को जल्द खुलासा करने के निर्देश दिए।

दांतरदा जैनी सडक मार्ग पर स्थित जवासा गांव में चोरी की यह वारदात अज्ञात चोरों ने सुल्तान मीणा और गंगाधर सुमन के घर में शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात को तब अंजाम दी,जब दोनों परिवार के लोग गहरी नींद में अपने अपने घरो में सो रहे थे। वारदात के दौरान चोरो ने सुल्तान मीणा के घर के एक कमरे का ताला तोडा और उसके अंदर बख्शे में रखे 60 हजार रुपए नकदी तथा इस्तेमाली सोने चांदी के जेवर चोरी कर ले गए। जबकि गंगाधर सुमन के घर के कमरे का ताला कुंदी समेत चोरों ने चटका दिया और कमरे के अंदर बख्शे में रखे 2 लाख 55 हजार रूपए तथा इस्तेमाली सोने चांदी के जेवर चोरी कर ले गए, इसके साथही बख्शे सहित अन्य सामान को घर के पीछे की तरफ खेतों में फेंक गए। बताया गया है कि गंगाधर सुमन ने एक दिन पहले ही मंडी में धान की फसल बेची थी। चोरी की इस वारदात का पता दोनो घर के लोगो को शनिवार की सुबह नींद खुलने पर चला। जिसके बाद जवासा गांव सहित आसपास के गांवों में सनसनी फैल गई।



### रात में चोरों को देखकर कुत्ते भी भौके,नहीं जागे परिजन



चोरी की सूचना के बाद मौके पर मौके पर पहुंची पुलिस ने वारदात स्थल का मौका मुआयना किया। पुलिस की प्रारंभिक जांच के दौरान यह बात सामने आई कि चोर बाहरी हो सकते है, जो घर के पीछे स्थित खेतो के रास्ते से चोरी करने के लिए आए थे और फिर इसी रास्ते से वारदात को अंजाम देकर भाग निकले। क्योंकि खेतो की तरफ ही बख्शे पडे मिले थे और फसल भी आडी गिरी हुई पडी थी। हालांकि रात्रि के दौरान चोरों को देखकर गांव के कुत्ते भी भौंके थे, लेकिन परिवार के लोगों को इस बात का अंदाजा नहीं था कि कुत्ते चोरो को देखकर ही भोंक रहे थे,इसलिए परिजनों ने रात में सर्दी के कारण बिस्तर से उठकर बाहर देखना मुनासिब नहीं समझा। उधर गंगाधर सुमन के घर के एक सदस्य की नींद भी खुल गई थी,मगर वह भी घर के खुले दरवाजे को यह देखकर नजर अंदाज कर गया कि हो सकता है भाई की पानी पीने के लिए अंदर गया हो।

### इधर गसवानी पुलिस ने 24 घंटे के भीतर किया चोरी का खुलासा



गसवानी थाना पुलिस ने एक चोरी की वारदात का 24 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए न केवल दो चोरो को दबोच लिया,बल्कि उनके कब्जे से चोरी के एक लाख 4 हजार रूपए की रकम भी बरामद कर ली। एसडीओपी राघवेन्द्र सिंह तोमर ने बताया कि 15-16 जनवरी की रात को सहसराम में कियोस्क का संचालन करने वाले महेश धाकड की कियोस्क से 1 लाख 20 हजार रूपए चोरी हो गई। जिसकी रिपोर्ट 16 जनवरी को महेश ने थाने पहुंचकर दर्ज कराई। चोरी की रिपोर्ट दर्ज करने के बाद 24 घंटे के अंदर ही इस चोरी को ट्रेस कर लिया और वारदात को अंजाम देने वाले दर्शन पुत्र रमेश धाकड तथा सौरभ पुत्र रमेश शाक्य निवासी सहसराम को दबोच कर उनके कब्जे से 1 लाख 4 हजार रूपए भी बरामद कर लिए। इस मामले में थाना प्रभारी भारत सिंह गुर्जर तथा उनकी टीम का अहम योगदान रहा।

### इनका कहना है

जवासा गांव में चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले चोर बाहरी लग रहे है, फिलहाल चोरी का मामला दर्ज कर चोरो की तलाश शुरू कर दी है। उम्मीद है कि चोरो का जल्द ही पता लगाकर चोरी का खुलासा कर लिया जाएगा।

राजीव गुप्ता
एसडीओपी,श्योपुर

---

जाखदा मंडल का हिंदू सम्मेलन आयोजित, निकाली गई कलश यात्रा

# देश को मजबूत करने परिवार और समाज में एकता जरूरी:रामअवतार

हरिभूमि न्यूज >> कराहल




कराहल खण्ड के जाखदा मंडल के गांव सरारी में शनिवार को हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। हिंदू सम्मेलन का शुभारंभ कलश यात्रा और भगवा ध्वज यात्रा के साथ हुआ। सत्य सनातन धर्म की, जय श्रीराम और भारत माता की जय के नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। कलश यात्रा में मातृशक्ति ने सिर पर कलश धारण कर सहभागिता की, वहीं ध्वज यात्रा ने जनमानस में सनातन चेतना का संचार किया।

हिंदू सम्मेलन को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला कार्यवाह राम अवतार शर्मा ने कहा कि देश को मजबूत करने के लिए परिवार और समाज में एकता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि टूटते परिवार, सामाजिक विघटन और संस्कारहीन होती हिंदू पीढ़ी राष्ट्र को कमजोर कर रही है। शर्मा ने अपने उद्बोधन में पंच परिवर्तन पर्यावरण संरक्षण, कुटुंब प्रबोधन, नागरिक शिष्टाचार, स्व का बोध और सामाजिक समरसता— को जीवन में उतारने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में बृजेंद्र सोलंकी ने अपने बौद्धिक उद्बोधन में रामायण एवं अन्य धार्मिक ग्रंथों के उदाहरण प्रस्तुत करते हुए सामाजिक समरसता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि हिंदू समाज को ऊँच-नीच, जाति और पाती के भेद से ऊपर उठकर स्वयं को गर्व से हिंदू कहलाना चाहिए और संगठित होकर राष्ट्रहित में कार्य करना चाहिए। इस अवसर पर नोनार सरकार धाम के महंत संत गोपाल दास महाराज ने पड़ोसी देशों में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों पर गहरी पीड़ा व्यक्त करते हुए सभी को जागृत, संगठित और एकजुट रहने का संदेश दिया तथा जाति-पाति के भेद भुलाने का आह्वान किया।इस सम्मेलन में संत समागम भी हुआ, जिसमें श्री महाराज जगमोहन दास जी, बालक दास जी महाराज एवं श्री छोट्या दास जी महाराज ने उपस्थित रहकर सभी सनातनियों को आशीर्वाद प्रदान किया। कार्यक्रम का समापन भारत माता की आरती के साथ हुआ, जिसके पश्चात सामूहिक सहभोज आयोजित किया गया। इसमें सभी वर्गों के लोगों ने एक साथ बैठकर भोजन ग्रहण किया, जो सामाजिक समरसता और एकता का सशक्त प्रतीक बना।


# बड़ौदा के महेश की चंबल नहर में मिली लाश, चार दिन से था लापता

हरिभूमि न्यूज >> श्योपुर।

मानपुर थाना क्षेत्र स्थित हीरापुर की पुलिया के पास चंबल नहर में शनिवार की सुबह एक युवक की लाश मिली है। पुलिस ने लाश को नहर से बरामद कर उसे पीएम के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। पहले यह लाश अज्ञात थी,लेकिन बाद में इसकी पहचान महेश माहौर निवासी बडौदा के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि मृतक युवक गत 13 जनवरी से लापता बना था,जिसके गुम होने की शिकायत परिजनो की ओर से बडौदा थाने में दर्ज कराई गई। बडौदा पुलिस ने पीएम के बाद शव को परिजनों के सुपुर्द करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है।जानकारी के अनुसार शनिवार की सुबह हीरापुर की पुलिया से होकर लोग गुजरे तो उन्हें चंबल नहर में बहती हुई एक लाश नजर आई। जिसकी सूचना तत्काल मानपुर थाना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर चंबल नहर से लाश को बाहर निकाला। लेकिन उनकी शिनाख्त नहीं हो पाई। बाद में जब पुलिस ने लाश को जिला अस्पताल भिजवाते हुए उसकी शिनाख्ति के लिए आसपास के थानों में सूचना दी गई। तब जाकर लाश की पहचान महेश 24 वर्ष पुत्र मोहनलाल माहौर निवासी वार्ड क्रमांक 09 बडौदा के रूप में हुई। सूचना के बाद जिला अस्पताल आए परिजनों ने महेश के रूप में लाश की पहचान करते हुए शव को पीएम के बाद अपनी सुपुर्दगी में लिया। बडौदा पुलिस ने बताया कि महेश 13 जनवरी से लापता बना था,लेकिन अपने स्तर से खोजबीन कर रहे उसके परिजनो ने 16 जनवरी को थाने आकर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई।

# भैंसों के बाड़े में आग लगाई, पांच पांच लाख रुपए की फिरौती लाने छोड़ी चिट्ठी

हरिभूमि न्यूज >> श्योपुर



भैसों के बांधने के लिए बाडे में बना रखी टीनशैड में रात्रि के दौरान किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा आग लगा दी गई और फिर एक चिट्ठी छोडी है,जिसमें जीना चाहते हो तो 5-5 लाख रूपए की फिरौती राशि देने की बात लिखी गई है। फिरौती देने के लिए छोडी इस चिट्ठी में नीचे नाम दल्ला विश्नोई गैंग सदस्य लिखा है। यह मामला देहात थाना क्षेत्र के गांव गोहेडा का है। इस चिट्ठी के मिलने के बाद परिवार के लोग दहशत में आ गए है,जिन्होने देहात थाने में आवेदन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। उधर पुलिस ने इसे किसी मनचले की हरकत बताते हुए मामले की जांच कर कार्रवाई करने की बात कही है।

ग्राम पंचायत गोहेडा में रोजगार सहायक के रूप में काम करने वाले धनराज मीणा पुत्र रामकरण मीणा ने देहात थाने में आवेदन सौंपकर बताया कि यह आगजनी की घटना उसके बाडे में अंजाम दी गई है। आग से भूसे का टोपा सहित अन्य कई सामान जल गया। गनीमत यही रही कि इस आग से बाडे में बंधी भैसे नहीं जल पाई। आगजनी की घटना के बाद मेरे चाचा के बाडे में एक चिट्ठी भी मिली है। जिसे दल्ला विश्नोई गैंग के किसी सदस्य के द्वारा लिखा गया है। चिट्ठी में मेरे पिताजी समेत मेरे परिवार के पांच सदस्यों के नाम लिखते हुए पांच पांच लाख रूपए रात्रि के दौरान जारेला रोड पर रख देने की बात कही गई है। इस संबंध में देहात थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी का कहना है कि इस तरह का आवेदन आया है। जिसकी जांच की जा रही है। चिट्ठी लिखने की बात किसी मनचले की हरकत लग रही है। इस तरह की कोई गैंग जिले में नहीं है।

---

शिविर लगाकर ऑपरेशन के लिए मरीज़ को ले गए थे जयपुर

# ऑपरेशन में त्रुटि, 1.64 लाख रुपए मरीज़ को देने होंगे

हरिभूमि न्यूज >> श्योपुर

जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग मध्य प्रदेश जिला श्योपुर की खंडपीठ ने एक ऐतिहासिक फैसला देते हुए जयपुर (राजस्थान) के एक प्राइवेट क्लीनिक में ऑपरेशन कराने गई श्योपुर जिले की महिला मरीज को ऑपरेशन में त्रुटि बरते जाने पर उसे 1 लाख 64 हजार रुपए सेवा में त्रुटि के लिए देने के निर्देश दिए हैं। यह रुपए संबंधित हॉस्पिटल से संबद्ध बीमा कंपनी के माध्यम से दिलाए जाने के निर्देश उपभोक्ता फोरम द्वारा दिए गए हैं।

राजेंद्र प्रसाद शर्मा अध्यक्ष एवं संगीता बंसल वाली जिला उपभोक्ता संयुक्त खंड पीठ के सामने एड इमरान खान के माध्यम से आवेदिका फरहत नसीम पत्नी मोहम्मद इस्हाक अंसारी श्योपुर ने गुहार लगाते हुए बताया कि उसके पैर के दोनो घुटनो के दर्द के चलते इलाज़ कराने खंडाका हॉस्पिटल जयपुर (राजस्थान) गई जहां उसने 30 सितम्बर 2022 को 850/- रूपये परामर्श शुल्क अदा कर चिकित्सक से परामर्श प्राप्त किया जहां चिकित्सक ने उन्हें घुटनो का ऑपरेशन कराने बाबत परामर्श दिया तथा तीन लाख रुपए खर्च बताकर यह आश्वासन दिया कि वह ऑपरेशन के बाद 2 दिन में सामान्य रूप से चलने लग जाएगी। 15 अक्टूबर 2022 को उसने 30 रूपये ऑपरेशन फीस अदा कर दी जिसके बाद उसी दिन घुटनो का ऑपरेशन किया। इस आपरेशन के बाद आवेदिका के बायें पैर में अधिक दर्द होने लगा जब वह वापस परीक्षण कराने पहुंची तो उसे बताया गया कि आपरेशन करते समय घुटने में फ्रैक्चर हो गया है जिसका इलाज़ करना पड़ेगा। इसके लिए आवेदिका को ओर 7 दिन और अस्पताल में भर्ती रखकर 21 अक्टूबर को उसी अवस्था में हॉस्पिटल से डिस्चार्ज कर दिया। आवेदिका को उपचार से कोई लाभ नहीं मिला उसने पुनः 08.11.2022 को 10 हजार रूपये जमा कराकर इलाज आगे बढाया, पर कोई लाभ नहीं हुआ। इस मामले को उपभोक्ता फोरम में लगाने पर अस्पताल स्टाफ ने ऑपरेशन के दौरान त्रुटि होना तो स्वीकार की लेकिन बताया कि इस तरह की त्रुटियां आपरेशन में आम बात है। ऑपरेशन करने वाले चिकित्सक ने बताया कि आवेदक गंभीर बीमारियों से ग्रसित थी जिसके हड्डियां कमज़ोर हो गई थी इसलिए ही लाइनर फैक्चर आया है लेकिन इसे फैक्चर मानना ठीक नहीं है। बहस के दौरान यह बात भी निकलकर सामने आई कि अस्पताल प्रबंधन ने मरीज़ के आपरेशन का बीमा यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी के द्वारा कराया गया था लेकिन सूचना प्राप्त होने के बाद भी बीमा कंपनी से कोई प्रतिनिधि के नहीं आया। फोरम ने इस मामले में संबंधित बीमा कंपनी को बीमित क्लेम के रूप में एक लाख 64 हजार रुपए देने के निर्देश दिए हैं।

# चोरी और सीनाजोरी भाजपा सरकार की नियति बन गई:गुप्ता



श्योपुर। चोरी और सीनाजोरी भाजपा नेताओं सरकार में मंत्री और उनके इशारों पर काम कर रहे अफसरों की नियति बन गई है। यह बात मनरेगा से महात्मा गांधी का नाम हटाने ओर इंदौर में दूषित पेयजल आपूर्ति के कारण हुई मौतों को लेकर पीसीसी के निर्देश पर शनिवार को जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा गांधी पार्क पर दिए गए उपवास के दौरान पत्रकारों के पूछने पर पूर्व नपाध्यक्ष दौलत राम गुप्ता ने कही।मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी श्योपुर के तत्वधान में गाँधी पार्क में महात्मा गाँधी रोजगार गारंटी का नाम बदलकर उसमें से महात्मा गांधी का नाम हटाने एवं इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी से हुई मौतों के विरोध में एक दिवसीय उपवास कार्यक्रम आयोजित किया गया। एक दुर्घटना में घायल होने के कारण जिलाध्यक्ष मांगीलाल फौजी की अनुपस्थित में उपवास कार्यक्रम का नेतृत्व पूर्व नपाध्यक्ष दौलत राम गुप्ता करते दिखाई दिए। जिन्होंने वहां पहुंचे पत्रकारों के समक्ष केंद्र ओर राज्य सरकार की जनविरोधी नीतियों और अफसरों की लाचारी को उजागर किया। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अब्दुल हमीद बेग (भोला), पूर्व जिलापंचायत अध्यक्ष हरगोविंद जोहरी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता रामचरण मीणा जैनी, दिनेश सिकरवार, ब्लॉक अध्यक्ष ढोढर दीपक राजावत, अशोक धुलिया, रामकुमार उमरेया, ब्लॉक अध्यक्ष सोई राममिलन रावत, पार्षद सुमेर सिंह, सल्लाउद्दिन बेलिम (भूरा) सेवादल अध्यक्ष कमल शर्मा, मुकेश मीणा, रामप्रसाद वैष्णव, गोविन्द मीणा,आदि मौजूद रहे।

उत्कृष्ट विद्यालय श्योपुर के लिए नवीन भवन निर्माण हेतु प्रस्ताव भेजने के निर्देश

# विशिष्ट विद्यालय बोर्ड परीक्षा में शत प्रतिशत रिजल्ट लाने का लक्ष्य निर्धारित करें:आनंद

हरिभूमि न्यूज >> श्योपुर



बोर्ड परीक्षा में विशिष्ठ विद्यालयों में शत प्रतिशत सफल परीक्षा परिणाम के लक्ष्य का निर्धारण करते हुए शैक्षणिक गुणवत्ता के साथ विद्यार्थियों को शिक्षा प्रदान की जायें। इसके लिए प्राचार्य प्रतिदिन पढाये गये सेलेबस की समीक्षा करें तथा कमजोर श्रेणी के विद्यार्थियों का चिन्हांकन कर उनके लिए विशेष कक्षाएं आयोजित करें। यह निर्देश जिला पंचायत सीईओ सौम्या आनंद ने शनिवार को कलेक्टर अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित जिले के विशिष्ठ विद्यालयों की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपस्थित अधिकारियों को दिए। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी, जिला स्तरीय उत्कृष्ट विद्यालय श्योपुर, सांदीपनी विद्यालय श्योपुर, पहेला एवं विजयपुर के प्राचार्य और विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य तथा शिक्षा विभाग के अधिकारी उपस्थित रहें।

श्योपुर जिला पंचायत सीईओ सौम्या आनंद ने समीक्षा बैठक के दौरान निर्देश दिये कि इसके साथ ही सांदीपनी विद्यालय श्योपुर, विजयपुर एवं पहेला का निर्माण अगले शिक्षा सत्र से पूर्व कराये जाने के निर्देश दिये गये। उत्कृष्ट विद्यालय श्योपुर की क्षतिग्रस्त बॉउन्ड्रीवाल एवं कक्षों की माइनर रिपेयरिंग का कार्य विद्यालय में उपलब्ध बजट से कराये जाने, उत्कृष्ट विद्यालय भवन पुराना होने एवं पर्याप्त पहुंच मार्ग न होने से शहर से बाहर भवन निर्माण हेतु प्राचार्य द्वारा प्रस्ताव जिला शिक्षा अधिकारी को भेजने के निर्देश दिये।

# महिलाओं पर अभद्र टिप्पणी के मामले में फूल सिंह बरैया की सदस्यता निरस्त की जाए:मंगल

श्योपुर । कांग्रेस विधायक फूल सिंह बरैया के ऊपर महिलाओं के प्रति अभद्र टिप्पणी करने के मामले में भाजपा ने उनकी विधानसभा सदस्यता निरस्त करने की मांग को लेकर एक पत्र विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर को भेजा है। भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष संजय मंगल द्वारा भेजे गए पत्र में उल्लेख किया गया है कि कांग्रेस विधायक फूल सिंह बरैया द्वारा सार्वजनिक मंच से महिलाओं एवं समाज के प्रति दिए गए अत्यंत आपत्तिजनक, अशोभनीय एवं असंवैधानिक बयान लोकतन्त्र की मान मर्यादा प्रतिष्ठा धूमिल करने का प्रयास है। महिलाओं के सम्मान को ध्यान में रखते हुए इस तरह की हरकत दोबारा ना हो इस उद्देश्य से फूल सिंह बरैया की विधानसभा सदस्यता तत्काल निरस्त की जाना जरूरी है।

नालियों के मेंटेनेंस के लिए भी कलेक्टर से लगानी पड़ रही गुहार

# अदालत की उम्मीद में बदहाल होती जा रही शहर के विकास की संभावना

हरिभूमि न्यूज >> श्योपुर

बीते तीन माह से अदालत के फैसले पर शहर के विकास की उम्मीद ठहर सी गई है। हाई कोर्ट ने जब से नपा अध्यक्ष को पावर लेस किया है तब से शहर के विकास को ब्रेक सा लग गया हैं। अब तो नाली और सड़कों के मेंटेनेंस जैसे कामों के लिए भी लोगों को कलेक्टर से गुहार लगानी पड़ रही हैं। हालांकि कलेक्टर अर्पित वर्मा ने अति आवश्यक कामों को प्राथमिकता के साथ करने के लिए सीएमओ आरआर यादव को निर्देशित किया हुआ है लेकिन कई काम ऐसे हैं जो सिर्फ अति आवश्यक सेवाओं के आधार पर नहीं पार्षदों की सिफारिश पर भी होते हैं उन कामों में रुकावट आ जाने से वार्डो में पार्षदों को भी जनता की नाराजगी का शिकार होना पड़ रहा है।

बता दें कि 8 अक्टूबर को हाई कोर्ट की खंडपीठ ग्वालियर न नपाध्यक्ष को पावर लेस घोषित करने का आदेश पारित कर दिया था। इसके बाद से नपा अध्यक्ष ना तो सीएमओ अथवा कर्मचारियों से किसी काम के लिए मौखिक रूप से बोल पा रही है ना ही कोई आदेश कर पा रही हैं। जिसके चलते नगर पालिका परिषद की पूरी कमान जिम्मेदारी लगभग सीएमओ के हाथों में आ गई हालांकि पार्षद आए दिन विकास से जुड़े कामों की मांग सीएमओ से करते रहते हैं लेकिन सीएमओ परिषद और पीआईसी के अनुमोदन के अभाव में काम करने से गुरेज कर रहे हैं क्योंकि ऐसी स्थिति में अगर कोई काम नियमों की अनदेखी के चलते हो गया तो जवाबदारी भी सीएमओ पर ही तय होगी। बस यही सोच कर कामों को ब्रेक दिया जा रहा है कि कभी तो अदालत का सकारात्मक या स्पष्ट रूख सामने आएगा और विकास की गति का थमा पहिया फिर तेजी से दौड़ेगा लेकिन ऐसा होता दिख नहीं रहा है हाल ही में लगातार दो दिन इंतजार के बाद अदालत ने फिर 20 जनवरी की तारीख में अध्यक्ष को दे दी है 20 जनवरी को क्या होगा यह नपा अध्यक्ष के भविष्य के साथ-साथ शहर के लोगों का भविष्य भी तय करेगा। क्योंकि इस फैसले के बाद ही विकास की गति का पहिया आगे बढ़ाने की कवायद हो सकेगी।



### बैठक की अध्यक्षता कौन करे इस पर रार

सूत्रों की माने तो परिषद की बैठक नहीं होने का कारण बैठक के अध्यक्षता कौन करें इसको लेकर विरोधाभास है नपा अध्यक्ष चाहती हैं कि उनकी अनुपस्थिति में या पावरलेस होने के बाद उनके पार्षद रहनेरकी स्थिति में बैठक की अध्यक्षता उनकी पार्टी से जुड़ा कोई पार्षद करें ताकि विपक्ष एजेंडे में ऐसा कोई प्रश्न अतिरिक्त ना जोड़ दे जो अदालत में अध्यक्ष को परेशानी पैदा कर दें जबकि विपक्ष नपा उपाध्यक्ष संजय महाना से अध्यक्षता में परिषद की बैठक कराना चाहता है।

### कलेक्टर और उपाध्यक्ष से बैठक बुलाने की मांग

शहर में विकास का पहिया फिर घूम सके इस उद्देश्य से कुछ पार्षदों ने कलेक्टर और अर्पित वर्मा और नपा उपाध्यक्ष संजय महाना को आवेदन देकर तत्काल नगर पालिका परिषद की बैठक बुलाने की मांग की थी ताकि बैठक में विकास के मुद्दों पर चर्चा हो सके और जो विकास के काम रुक गए हैं वह शुरू हो सके कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देश पर सीएमओ आरआर यादव ने इस संबंध में महाधिवक्ता से बैठक बुलाने संबंधी परामर्श मांग लिया है लेकिन उस परामर्श को मांगे भी समय बीत चुका है ऐसी स्थिति में परामर्श नहीं आने और बैठक नहीं होने से शहर के कामों को ब्रेक लग रहा है।

### इनका कहना है...

परिषद की बैठक बुलाने के लिए मार्गदर्शन महाधिवक्ता से मांगा है जैसा मार्गदर्शन आएगा वैसा पालन करेंगे। यह बात सही है कि कलेक्टर अर्पित वर्मा से जनहित के कामों को नियमित रूप से करने के निर्देश मिले हैं उन कामों को प्राथमिकता से किया जा रहा है पार्षद भी जो काम जनहित के बता रहे हैं उन्हें भी कराया जा रहा है।

आरआर यादव
सीएमओ श्योपुर

## खबर संक्षेप

### कुएं में डूबने से ग्रामीण की मौत, मर्ग कायम

**अशोकनगर।** जिले के चन्देरी थाने के अंतर्गत ग्राम नावनी चक्क साराना निवासी घासीराम पुत्र मन्ना बंजारा की खजरा वाला खेत के कुए में डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है मामले की जांच की जा रही है।

### बाइक फिसलने से युवक घायल, इलाज जारी

**अशोकनगर।** जिले के शाढ़ौरा थाने के अंतर्गत ग्राम भरका निवासी विशाल पुत्र मुकेश कलावत को घायल अवस्था में उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया है। जहां परिवारजनों ने बताया कि विशाल बाईक से ग्राम शाढ़ौरा गया था, जब वापिस अपने घर लौट रहा था तभी ग्राम अमौदा के समीप उसकी बाईक फिसल गई। इस घटना में उसे चोटें आई हैं, परिवार जनों द्वारा उसका उपचार कराया जा रहा है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में ग्रामीण की मौत

**अशोकनगर।** जिले के चन्देरी थाने के अंतर्गत घनश्याम पुत्र सददल सिह प्रजापति उम्र 65 साल निवासी ग्राम सकवारा अपने घर पर था तभी उसे उल्टी व सीने में दर्द की शिकायत हुए जिसके बाद उसकी मौत हो गई।

### फरार स्थाई वारंटी गिरफ्तार किया

**अशोकनगर।** 15 जनवरी को थाना ईसागढ द्वारा जेएमएफसी न्यायालय ग्वालियर के प्रकरण क्रमांक 2854/2023 में जारी स्थाई वारंटी विमलेश पति सुरेंद्र सिंह यादव, उम्र 40 वर्ष, निवासी ग्राम आकलोन, थाना ईसागढ़, जिला अशोकनगर को गिरफ्तार कर न्यायालय ग्वालियर में पेश किया गया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी ईसागढ उनि. मीना रघुवंशी, सउनि. ज्ञानलता राठौर, प्रआर मनोज कुमार, आरक्षक रूपेंद्र तोमर, आरक्षक देवेंद्र लोधी एवं महिला आरक्षक प्रीति शर्मा की उल्लेखनीय भूमिका रही।

### जिले में तीन स्थानीय अवकाश घोषित


**अशोकनगर।** कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा जिला अशोकनगर में वर्ष 2026 के लिए संपूर्ण जिले में तीन स्थानीय अवकाश घोषित किए गए है। जारी आदेशानुसार 22 सितम्बर डोल ग्यारस,19 अक्टूबर महानवमी तथा 11 नवम्बर 2026 भाई दूज को संपूर्ण जिले में स्थानीय अवकाश घोषित किए गए हैं। यह अवकाश जिले के कोषालय/उपकोषालय के लिए लागू नहीं होगें।

### दो बाइकों की भिड़ंत में 1 की मौत, 3 लोग घायल

**अशोकनगर।** अशोकनगर बंगला चैराहा,विदिशा मार्ग पर ग्राम बेलई के समीप 2 विपरीत दिशा से आ रहीं बाईक आपस में टकरा गईं। इस घटना में एक बाईक सवार की मौत हो गई जबकि दोनों बाईकों पर बैठे अन्य 3 लोग घायल हुए हैं जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की कहानी यह है कि ईसागढ़ तहसील के ग्राम कोहरवास निवासी सूरज सिंह बंजारा अपने साले चन्दू नायक के साथ देव स्थान पर पूजा करने के लिए खाकलौन गया था वहां से वापिस वह अपने गांव जा रहा था तभी बेलई पर यह घटना हुई। यहां सामने से आ रही बाईक चला रहे ग्राम सिरसी पछार निवासी रामकुमार अहिरवार के साथ शिशुपाल ग्राम भरका से मकर सक्रांति का मेला कर वापिस अपने गांव जा रहे थे। इसी दौरान यह घटना हुई यहां दोनों बाईक तेज गति में होने के कारण आपस में टकरा गईं। इस घटना में चन्दू नायक निवासी कोहरवास की मौत हो गई।

### रज्जाक के निलंबन को बहाल किया

**अशोकनगर।** कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में लापरवाही बरते जाने पर रज्जाक खान निर्वाचक पर्यवेक्षक जिला निर्वाचन कार्यालय अशोकनगर को तत्काल प्रभाव से निंलबित किया गया था। जिसे लेकर खान द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर निलंबन से बहाल किए जाने का निवेदन किया गया था जिसके बाद कलेक्टर आदित्य सिंह ने निलंबन से बहाल कर निर्वाचक पर्यवेक्षक के पद पर पुनः पदस्थ किए जाने के आदेश जारी किए हैं तथा निंलबन अवधि को कार्य अवधि मान्य किया गया।




सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच 3 दिवसीय ऐरण महोत्सव का समापन

# ऐरण को विश्व धरोहर सूची में शामिल करने भेजेंगे प्रस्तावः पर्यटन मंत्री सिंह

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बीना

मध्य प्रदेश शासन संस्कृति विभाग एवं भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा आयोजित एवं जिला प्रशासन के सहयोग से आयोजित तीन दिवसीय ऐरण महोत्सव का देर रात को धूमधाम के साथ समापन हुआ। समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी पहुंचे।

उन्होंने ऐरण को विश्व धरोहर सूची में शामिल कराने के लिए मध्यप्रदेश सरकार द्वारा प्रस्ताव भेजने की बात कही। साथ ही पर्यटन विभाग की टीम ऐरण आने वाले पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं देने की योजना पर कार्य करेगी। ऐरण महोत्सव के समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने कहा कि ऐरण को यूनेस्को वर्ल्ड हेरिटेज सूची में शामिल करने के लिए प्रस्ताव बनाकर भेजा जाएगा। इसके अलावा उन्होंने कहा कि ऐरण में विश्राम गृह, लाइट सहित अन्य आवश्यक कार्यों के लिए पर्यटन विभाग की टीम को भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि आने वाले सालों में और बड़े स्तर पर ऐरण महोत्सव आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा ऐरण आने वाले लोगों को अब परेशान नहीं होना पड़ेगा।

### मंत्री ने किया अवलोकन

संस्कृति व पर्यटन मंत्री धर्मेंद्र लोधी ने ऐरण स्थित प्राचीन प्रतिमाओं का अवलोकन किया उन्होंने 1700 पुरानी भगवान बराह की प्रतिमा एवं 13 फीट ऊंची भगवान विष्णु की प्रतिमा सहित प्राचीन शिलालेख पर भगवान श्री कृष्ण के जीवन पर आधारित उकेरी गई नक्काशी सहित अन्य प्राचीन प्रतिमाओं का अवलोकन किया। एएसआई डायरेक्टर शिवाकांत बाजपेई ने प्राचीन प्रतिमाओं का महत्व बताया। अवलोकन के दौरान सांसद लता वानखेड़े, विधायक निर्मला सप्रे एवं शहडोल प्रभारी गौरव सिरोठिया उपस्थित रहे।



### विधायक ने रखी मांग

विधायक निर्मला सप्रे ने संस्कृति व पर्यटन मंत्री धर्मेंद्र लोधी से मांग रखी ऐरण स्थल को यूनेस्को वर्ल्ड हेरिटेज सूची में शामिल करने का प्रस्ताव मध्य प्रदेश सरकार द्वारा भेजा जाए। ऐरण में विश्राम गृह बनवाने, एरण मैदान में प्रयाप्त लाइट व्यवस्था करवाने, बीना व मंडीबामोरा रेलवे स्टेशन पर एरण के महत्व व जगह जगह साइन बोर्ड लगवाने आदि की मांग रखी। जिस पर संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री ने ऐरण को यूनेस्को वर्ल्ड हेरिटेज सूची में शामिल करने के लिए प्रस्ताव बनाकर भेजने सहित अन्य मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया।

### ऐरण का इतिहास अनूठा पर झूमे श्रोता

ऐरण महोत्सव के समापन के मौके पर मालवा के कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत की। राजस्थान से आई ममता देवी साथी की टीम के कलाकारों ने मनमोहक चकरी नृत्य की प्रस्तुति दी। झांसी से आई अर्चना कोटर्य ने टीम के साथ लोक गायन की प्रस्तुति दी। इसके बाद देर रात तक संजो बघेल ने भजनों की शानदार प्रस्तुति दी। जिसमें भोला नहीं माने, राम रघुरैया तेरी हो रही जय जय कार, ऐरण का इतिहास आल्हा धुन में ऐरण का इतिहास अनूठा, मेरा रंग दे बसंती चोला की शानदार प्रस्तुति दी। जिसमें लोगों को थिरकने पर मजबूर कर दिया। समापन कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत, मंडल अध्यक्ष राजेंद्र उपाध्याय, नपाध्यक्ष लता सकवार, पूर्व विधायक डॉ विनोद पंथी, शशि कैथोरिया, सत्यजीत ठाकुर, महामंत्री आलेख राय, रतन यादव, संतोष सिंह ठाकुर, सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित रहा संचालन

## शासकीय उत्कृष्ट उमावि करैरा में आयोजित हुई ओलंपियाड परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ करैरा

करैरा विकासखंड के उत्कृष्ट विद्यालय करैरा में आज ओलंपियाड परीक्षा के अंतर्गत कक्षा 4 एवं 5 के विद्यार्थियों के लिए हिंदी, गणित, अंग्रेजी एवं पर्यावरण विषयों की परीक्षा आयोजित की गई, वहीं कक्षा 6 से 8 के विद्यार्थियों के लिए विज्ञान, गणित एवं सामाजिक विज्ञान विषयों की परीक्षा संपन्न हुई। परीक्षा के दौरान जनपद पंचायत अध्यक्ष पुष्पेंद्र जाटव जी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी मुकेश शर्मा जी, परीक्षा केंद्र अध्यक्ष अरविंद सिंह यादव, पूजा शर्मा (उच्च माध्यमिक शिक्षक), रानी साहू (उच्च माध्यमिक शिक्षक), विकासखंड स्रोत समन्वयक विनोद तिवारी जी एवं परीक्षा प्रभारी प्रवीण कुमार शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी अधिकारियों एवं शिक्षकों का परीक्षा को शांतिपूर्वक संपन्न कराने में सराहनीय सहयोग रहा। आज की परीक्षा में कुल 307 पंजीकृत विद्यार्थियों में से 293 विद्यार्थी उपस्थित रहे, जिससे उपस्थिति प्रतिशत लगभग 95 प्रतिशत दर्ज की गई। परीक्षा के सफल आयोजन में महेश कुमार लोधी (प्रभारी बीएसी), अनिल चौरसिया (बीएसी), लखनलाल गुप्ता (बीएसी) सहित विद्यालय के समस्त स्टाफ का विशेष योगदान रहा। परीक्षा प्रभारी एवं विद्यालय प्रशासन द्वारा सभी सहयोगी अधिकारियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया गया तथा उनके सहयोग के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद दिया गया।

**कक्षा 6 से 8वीं के विद्यार्थी कार्यक्रम में शामिल**

### अनुपस्थित पटवारी अरूणा कलावत के विरूद्ध निलंबन की कार्रवाई की गई

**अशोकनगर।** कलेक्टर द्वारा 14 जनवरी को तहसील शाढौरा अंतर्गत ग्राम झीला का भ्रमण किया गया था। भ्रमण के दौरान पटवारी ग्राम अरूणा कलावत अपने हल्का मुख्यालय पर उपस्थित नहीं थी एवं सूचना प्राप्त होने के उपरांत भी वह ग्राम में कलेक्टर के समक्ष उपस्थित नहीं हुई। मौकों पर उपस्थित ग्रामीणजनों द्वारा अवगत कराया कि पटवारी अरूणा कलावत ग्राम में उपस्थित नहीं होती हैं। जिससे कृषकों की समस्याओं का समाधान समय-सीमा में नहीं हो पा रहा है। ग्राम के कृषकों को अपने कार्य हेतु अनावश्यक परेशान होना पड़ता है। उनका उक्त कृत्य मुख्यालय पर उपस्थित न होना, वरिष्ठ के आदेशों की अवहेलना एवं समय-सीमा में बार-बार निर्देशों के उपरांत भी अपने हल्का क्षेत्र में भ्रमण न करना एवं उनके विरुद्ध लगातार शिकायतें प्राप्त होने से तथा शासकीय कार्य में घोर लापरवाही एवं संनिष्ठिता का उल्लंघन करना गंभीर कदाचरण की श्रेणी में आता है। जिसे लेकर यह निलंबन की कार्यवाही की गई है।

## हमें त्याग, तप, संयम और आत्मशुद्धि का मार्ग दिखाता है मोक्ष कल्याणकः मुनिश्री

आदिनाथ मोक्ष कल्याणक पर श्रुतधाम में शांतिधारा और अभिषेक का आयोजन




हरिभूमि न्यूज ▸▸ बीना

जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ का पावन मोक्ष कल्याणक शनिवार को श्रुतधाम में श्रद्धा, भक्ति एवं हर्षोल्लास के वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम मुनि श्री 108 सरलसागर महाराज के पावन सानिध्य में तथा ब्रह्मचारी संदीप भैया सरल के निर्देशन में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। प्रातःकाल जिनालय में विशेष पूजा-अर्चना, शांतिधारा एवं अभिषेक किया गया। इस अवसर पर मुनि श्री 108 सरलसागर महाराज ने अपने संक्षिप्त प्रवचन में कहा कि मोक्ष कल्याणक हमें त्याग, तप, संयम और आत्मशुद्धि का मार्ग दिखाता है। सांसारिक आसक्तियों से विरक्ति ही सच्चे सुख का साधन है। उन्होंने अहिंसा, सत्य और करुणा को जीवन में अपनाने का संदेश देते हुए कहा कि जिस आत्मा ने इंद्रियों पर विजय पा ली, वही मोक्ष के पथ पर अग्रसर होती है। भगवान आदिनाथ का जीवन हमें सिखाता है कि भोग से नहीं, त्याग से आत्मा का उत्थान होता है। रिटायर रेल कर्मचारी आरके जैन ने बताया कार्यक्रम में समाजजनों ने भक्ति भाव से सहभागिता की। भजनों, प्रार्थना एवं धर्मसभा के माध्यम से वातावरण पूर्णतः भक्तिमय बना रहा। अंत में विश्व शांति, समाज में सद्भाव और आत्मकल्याण की मंगल कामना के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम में पुण्यार्जक परिवार देवेंद्र कुमार, सौरभ कुमार, गौरव, भावित जैन, विजय कुमार, संजय कुमार, सुनीता, विजय खुरई, प्रमोद सर्राफ, अरुण प्रकाश बुखारिया, राकेश वर्धमान, राकेश ट्रांसपोर्ट, सचिन जैन, सौरभ जैन, प्रेमचंद जैन विदिशा आदि को मिला।

एक रात में 13 स्थान पर हुई चोरियों का खुलासा

## जननी वाहन का चालक रेकी कर बुलाता था पारदियों को

हरिभूमि न्यूज ▸▸ अशोकनगर

चोरी के मामले में एक अजीबो गरीब मामला सामने आया है जिसमें 108 जननी वाहन का चालक रेकी कर बाहर से पारदियों को बुलाता था और अपने वाहन से चोरी की बारदात कराता था। पिछले दिनों ईदौर में एक रात में 13 स्थान पर हुई चोरियों के खुलासे से यह मामला सामने आया है।

इसी क्रम में विगत दिनों 23 और 24 दिसंबर की दरमियानी रात हुई प्लेटिना मोटरसाइकल चोरी एवं 24 एवं 25 दिसंबर की दरम्यानी रात हुई तीन घरों में श्यामलाल साहु निवासीगण ग्राम ईदौर के घरों में हुई चोरीयों का थाना कदवाया पुलिस ने खुलासा किया है। आरोपी से जप्त किया चोरी का माल बरामद कर जेल भेजने की कार्यवाहीकी गई है। 25 दिसंबर को फरियादी श्यामलाल साहु ने अपने एवं पहलवान रजक और रविन्द्र यादव के घरो में हुई चोरी की रिपोर्ट की थी जिसमें सोने एवं चांदी के आभूषण एवं कुछ नगर पैसे चोरी हुए थे जिस पर से थाना कदवाया में अप.क्र. 155/25 धारा 331 (4), 305ए बीएनएस का कायम कर विवेचना में लिया गया था एवं फरियादी अमित यादव ने दिनांक 23-24.12.2025 की दरमियानी रात में चोरी हुई प्लेटिना मोटरसाइकल की रिपोर्ट पर से थाना कदवाया में अप.क्र. 159/25 धारा 303(2) बीएनएस का कायम किया गया था।



पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा द्वारा उक्त घटना को गंभीरता से लेकर थाना कदवाया की टीम गठित की गई। जिसमें मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि छोटी मोचार का वीरेन्द्र परिहार ईदौर बाली चोरीयों में शामिल हो सकता है। उक्त सूचना की तस्दीक के लिये छोटी मोचार पहुंच कर वीरेन्द्र परिहार को पकडा और उससे पूछताछ की गयी तो उसने चैकाने बाले खुलासे किये। जिसके अनुसार वह काफी समय से 108 जननी वाहन चला रहा है पूर्व में वह गुना जिले में 108 वाहन चलाया करता था जहां पर बीलाखेडी के मुरारी उर्फ राम पारदी के संपर्क में आ गया था तब से लगातार उससे बात होती रहती थी। 21 दिसंबर को मुरारी उर्फ राम पारदी अपनी रिस्तेदारी में शिवपुरी में जा रहा था तो उसने वीरेन्द्र को मिलने के लिये पूरनखेडी टोल के पास बुलाया था जहां पर दोनों के बीच चोरी को लेकर बात हुई थी उसके बाद 23 दिसंबर को मुरारी पारदी वीरेन्द्र के पास खनियाधाना में आया फिर बहां से उन लोगों ने 108 वाहन का एक फर्जी ईवेंट लिया और एम्बुलेंस से मुरारी एवं उसके दोनों साथीयों को लेकर ईदौर गांव आ गया। जहां पर उसने चोरी करने बाले घरों की रेकी करायी और वापस जाते समय रास्ते में एक प्लेटिना मोटरसाइकल चोरी कर ली थी, जिससे मुरारी एवं उसके साथी गुना तरफ चले गये और वीरेन्द्र अपनी 108 को लेकर चला गया। फिर 24 दिसंबर को मुरारी उर्फ राम पारदी अपने साथीयों के साथ वीरेन्द्र को मिला और वीरेन्द्र ने अपनी 108 से तीनों को ईदौर गांव के बाहर छोडा उसके बाद उन तीनों ने गांव में चोरी कर हिस्से में 108 के ड्राईवर वीरेन्द्र को चांदी की पायल एवं दो चांदी के सिक्के दिये एवं शेष हिस्से की रकम 27 दिसंबर को फोन पे के माध्यम से उसके खाते में भेजी। आरोपी वीरेन्द्र परिहार से हिस्से में मिला मशरूका जब्त किया है।

## कलेक्टर ने तहसील मुख्यालय मुंगावली के छात्रावासों का किया गहन निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ अशोकनगर

कलेक्टर आदित्य सिंह ने शुक्रवार को तहसील मुख्यालय स्थित मुंगावली के भ्रमण के दौरान शासकीय बालक उत्कृष्ट, विमुक्त जाति बालक, अनुसूचित जाति बालक सीनियर, अनुसूचित जाति कन्या उत्कृष्ट छात्रावास, अनुसूचित जाति कन्या सीनियर, अनुसूचित जाति कन्या जूनियर छात्रावासों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को परखा। साथ ही उन्होंने छात्रावास अधीक्षकों को निर्देशित किया कि ठंड के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए खिड़कियों,दरवाजों की मरम्मत कराई जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि छात्रावास में बच्चों को पढने के लिए लाइब्रेरी की सुविधा मिले यह सुनिश्चित किया जाए। छात्रावासों में पर्याप्त लाइटिंग,रंगाई पुताई, फर्नीचर एवं शौचालयों की साफ-सफाई कराए जाने के निर्देश अधीक्षकों को दिए।



**छात्रावास अधीक्षक द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने पर सम्मानित करने के दिए निर्देश** कलेक्टर आदित्य सिंह ने भ्रमण के दौरान शासकीय बालक उत्कृष्ट छात्रावास में अधीक्षक रामकुमार रघुवंशी द्वारा छात्रावास में उत्कृष्ट कार्य करने पर 26 जनवरी पर सम्मानित कराए जाने के निर्देश दिए ।

**मुंगावली जेल तालाब का किया निरीक्षण** भ्रमण के दौरान कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा जेल तालाब का भ्रमण किया।उन्होंने मुख्य नगरपालिका अधिकारी को निर्देशित किया कि तालाब के पास खाली पडी जगह पर हॉकर्स जोन बनाया जाए । साथ ही उन्होंने निर्देश दिए कि तालाब पर पर्याप्त लाइटिंग,बैठने की पर्याप्त व्यवस्था,साफ-सफाई एवं पेड़-पौधे लगाए जाएं। उन्होंने तालाब के सौंदर्यकरण की रूपरेखा तैयार कर प्रस्ताव शासन को भेजे जाने के निर्देश दिए।

**शासकीय आई.टी.आई. मुंगावली का किया निरीक्षण**

भ्रमण के दौरान कलेक्टर ने शासकीय आई.टी.आई.मुंगावली का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कर्मचारियों की उपस्थिति पंजी को देखा तथा संबंधित को आवश्यक निर्देश दिए गए।साथ ही उन्होंने बच्चों से संवाद करते हुए उनकी समस्याओं को सुना तथा संबंधित अधिकारी को मौके पर ही समाधान करने के निर्देश दिए गए।